# 'रीको औद्योगिक क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों का पेचवर्क कार्य दीवाली से पहले करें'

- राइजिंग राजस्थान में हुए एमओयू की समीक्षा की
- बैठक में उद्यमियों ने मांग उठाई कि बीकानेर से जयपुर और सूरत की फ्लाइट नियमित हो



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित किया।

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में बुधवार को विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि दीपावली से पहले रीको जिले के सभी 14 औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न क्षतिग्रस्त सड़कों का पेचवर्क कार्य और रोड़ लाइट का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के 10 औद्योगिक क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य रीको और शहरी क्षेत्र के चार औद्योगिक क्षेत्रों करणी, खारा, रानी बाजार और बीछवाल में नियमित साफ-सफाई का कार्य नगर निगम करेगा। इसको लेकर निगम को 42 लाख रूपये का बजट आवंटन किया जा चुका है। टेंडर कर नियमित सफाई कार्य शुरू करें।

बैठक में जिला कलेक्टर ने राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत जिले में हुए एमओयू को लेकर कहा कि सभी संबंधित विभाग इसको लेकर समीक्षा करें। अगर कहीं उद्यमी को किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है तो उसका तत्काल समाधान करें। जीएम डीआईसी मंजू नैण गोदारा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत हुए 567 एमओयू में से 45 फीसदी में काम शुरू हो गया है।

बैठक में उद्यमियों ने मांग उठाई कि बीकानेर से जयपुर और सूरत की फ्लाइट नियमित हो। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि सूरत में बीकानेर के 50 हजार लोग रहते हैं। राठी ने बैठक में मांग उठाई कि जिस प्रकार उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार जिले के रिटेलर्स की समस्याओं को लेकर भी बैठक का आयोजन हो तो रिटेलर्स की बहुत सी समस्याओं का भी समाधान हो सकेगा।

जिला कलेक्टर ने इस बारे में पहले वाणिज्य कर विभाग कार्यालय में बैठक बुलाने के लिए कहा। बैठक में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी. पचीसिया ने सुझाव दिया कि अगर रानी बाजार पुल को पट्टी पेड़े से होते हुए पांच नंबर रोड़ से जोड दिया जाए तो रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य मार्ग से ट्रैफिक काफी कम हो जायेगा।

इस बारे में जिला कलेक्टर ने पीडब्लयूडी अधिकारियों को फिजिबिलिटी चैक करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों ने मांग उठाई कि कर्मचारी भविष्य निधि का रीजनल कार्यालय बीकानेर में नहीं होने से उन्हें जोधपुर जाना पड़ता है। इस पर जिला कलेक्टर ने उनकी ओर से इस बारे में डीओ लेटर लिखने के लिए उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में खारा के उद्यमियों ने कहा कि रीको ने पांच साल पहले खारा औद्योगिक क्षेत्र में रोड़ नं.-1 पर प्लाट काटे थे। वहां इंडस्ट्री भी लग चुकी है लेकिन रीको ने अब तक वहां रोड़ लाइट और पानी की कोई व्यवस्था नहीं की है। जिला कलेक्टर ने रीको अधिकारी को पानी और रोड़ लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में खारा के उद्यमियों ने बताया कि करणी औद्योगिक क्षेत्र की तरह ही खारा में भी गंदा पानी नासूर बनता जा रहा है। वहां नया सूरसागर तैयार हो रहा है। इसको लेकर पिछले 2 साल से रीको अधिकारियों को अवगत करवा रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

बैठक में उद्यमियों ने बताया कि रानी बाजार में चौपड़ा कटला के बाहर चारों ओर अवैध कब्जे हो रहे हैं, इनको हटाने की आवश्यकता है। इसको लेकर जिला कलेक्टर ने बीडीए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, नगर निगम उपायुक्त यशपाल आहूजा, बीडीए उपायुक्त कुणाल राहड़, एसई पीडब्लयूडी ओ.पी.मंदर, रीको रीजनल मैनेजर एस.पी. शर्मा, एआरएम मोहित सिंघल, पीएचईडी अधिशाषी अभियंता मोनिका पूनिया, माइंस से संतोष डूडी, बीकेईएसएल के चीफ मैनेजर सुरेन्द्र चौधरी, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी. पचीसिया, बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी, सचिव संजय जैन सांड, लघु उद्योग भारती जिला अध्यक्ष राजेश गोयल, सचिव राकेश जाजू, समेत विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के अध्यक्ष,पदाधिकारी व अन्य उद्यमी उपस्थित थे।

## गणपति विसर्जन जुलूस में महिला से मारपीट

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। इंद्रा कॉलोनी की गली नंबर 2 में आयोजित गणेश महोत्सव के तहत प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रही एक महिला के साथ कई लड़कों ने मारपीट की।

पुलिस द्वारा युवकों को जल्द गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद धरना हटाया गया। इस घटना में महिला को बचाने के लिए आगे आये एक युवक रोहित के भी चोटें आई हैं। महिला की हालत गंभीर होने के कारण सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। जानकारी के अनुसार इंद्रा कॉलोनी की गली नंबर दो में इंद्रा कॉलोनी के राजा विशाल गणपति महोत्सव का आयोजन किया गया था। मंडली के लोग मूर्ति विसर्जन के लिए 12 मासी नहर की ओर रवाना हुए। करीब तीन बजे जुलूस हाउसिंग बोर्ड चौराहे के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार करीब 10-12 युवकों ने एक महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवकों ने माहौल बिगाड़ने के लिए गणपति विसर्जन के लिए जा रहे जुलूस में शामिल महिला के साथ मारपीट की। युवकों ने महिला के पेट में लातें मारीं।

महिला को छुड़वाने के लिए आगे आये एक युवक रोहित के भी चोटें आई। अन्य लोगों ने इकट्ठे होकर युवकों को पकड़ने की कोशिश की तो बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना से गुस्साए लोगों ने जवाहर नगर थाने के बाहर इकट्ठे होकर नारेबाजी शुरू कर दी। देर शाम तक धरने पर बैठे पुलिस ने समझाइश कर इस मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित करने का आश्वासन देने पर धरना हटाया।

## सार-समाचार

### मुख्य न्यायाधीश से की मुलाकात



बीकानेर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दिल्ली में मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई से मुलाकात की।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शर्मा के नेतृत्व में बार पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से मिलकर विभिन्न मुद्दों और एडवोकेट्स और बार समस्याओं पर चर्चा की तथा भारत के मुख्य न्यायाधीश से मुलाकात की मंशा जताई। भाजपा जिला उपाध्यक्ष और कानून मंत्रालय और हाईकोर्ट मामले के बार एसोसिएशन के कोऑर्डिनेटर एडवोकेट अशोक प्रजापत ने बताया कि आज बार एसोसिएशन बीकानेर अध्यक्ष विवेक शर्मा बार एसोसिएशन सभापति कमल सिपानी, एडवोकेट अशोक प्रजापत, एडवोकेट संदीप स्वामी, एडवोकेट तेज करण सिंह राठौड़, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता जगदीश सोलंकी सहित शिष्टमंडल ने केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के निर्देशन में देश के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. भूषण रामकृष्ण गवाई से सुप्रीम कोर्ट स्थित चैंबर में कोर्ट मध्यांतरण में गुलदस्ता भेंट कर मुलाकात की और बीकानेर आने का निमंत्रण दिया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवाई ने सह हर्ष हमारा निमंत्रण स्वीकार किया और इसी माह की लगभग 20 तारीख को बीकानेर आने का कार्यक्रम बन रहा है। बार सभापति कमल सिपानी ने मुख्य न्यायाधीश की शानदार और सहज और गरिमामयी मुलाकात के लिए मेघवाल का आभार जताया।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में झूमे श्रद्धालु



सुदर्शना नगर स्थित शहीद भगतसिंह पार्क में श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया।

**बीकानेर,** (कासं)। स्थानीय सुदर्शना नगर स्थित शहीद भगतसिंह पार्क में चल रही श्रीमदभागवत कथा के श्रीकृष्ण जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम, हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्द के आनन्द भयो जै कन्हैयालाल की.... जयघोष से पांडाल संग आसमान भी गूँज उठा जब वासुदेव स्वरूप सिर पर डलिया में बाल श्रीकृष्ण को धारण कर लाए तो श्रद्धालुओं के आनन्दातिरेक से अश्रु छलक उठे। व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक पंडित विष्णु महाराज ने सुमधुर शैली में कहा कि श्रीकृष्ण भगवान का जन्म जब कारागार में हुआ तो समूचा कारागार प्रकाशमान हो उठा, बेड़ियां स्वत: खुल गई और कारागार के द्वार-उनके ताले भी स्वत: खुल गये अर्थात जब जीव का मिलन परमात्मा से होता है तो उसके सारे बंधन टूट जाते हैं और जीव की मुक्ति के द्वार स्वत: खुल जाते हैं। इसके अलावा श्रीराम जन्म व समुद्र मंथन व्याख्यान को भी अत्यंत सरल, सुमधुर शैली में महाराजश्री ने श्रद्धालुजनों को समझाया। प्रवक्ता शंकर सेवग ने बताया बाल कृष्ण स्वरूप में बने विवान ने सभी को अपनी और आकर्षित कर लिया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर महिलाओं और पुरूषों ने पुरे पांडाल को भक्तिमय कर दिया। सभी ने बधाई दी और पुष्प वर्षा कर बच्चों को खिलौने और टॉफिया बांटी।

### बिश्नोई की गाड़ी पर पत्थर फेंका

**नोखा,** (कासं)। पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई की गाड़ी पर हमले का मामला सामने आया है। घटना रासीसर टोल प्लाजा के पास की है। पूर्व विधायक खेजड़ली धाम से नोखा लौट रहे थे। इस दौरान उनकी गाड़ी पर किसी ने पत्थर फेंक दिया। घटना में गाड़ी का कांच टूट गया। हालांकि गाड़ी में सवार पूर्व विधायक और उनके साथी रामनिवास सींगड़, मांगीलाल तथा पूर्व सरपंच मनोहर भादू सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। नोखा सीओ हिमांशु शर्मा के अनुसार पुलिस ने टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में टोल कर्मचारी का पत्थर फेंकना सामने आया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर नोखा थाने ले गई है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### स्कूल में ओपन जिम का उद्घाटन

**नोखा,** (कासं)। राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल सिंधु में ग्राम पंचायत द्वारा स्थापित ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नोखा के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धनाराम प्रजापत मौजूद रहे। प्रजापत ने कहा कि विद्यार्थियों को खेल और व्यायाम दोनों पर ध्यान देना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है और मन एकाग्र होता है। उन्होंने बताया कि एकाग्रता से पढ़ाई में सफलता मिलती है। प्रधानाध्यापक राजेंद्र बिश्नोई ने स्कूल की खेल उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी लोकेश दुबे, कनिष्ठ सहायक राधा कृष्ण कड़वा और शारीरिक शिक्षक सुनील यादव मौजूद थे।

# कम खाना, गम खाना व नम जाना जैन धर्म का सिद्धांत : मेहुल प्रभ

- गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने बीकानेर की ढढ्ढा कोटड़ी में चार्तुमासिक प्रवचन दिए

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने बीकानेर की ढढ्ढा कोटड़ी में बुधवार को चार्तुमासिक प्रवचन कहा कि कम खाना, गम खाना, नम जाना जैन धर्म का प्रमुख सिद्धान्त है। गणिवर्य के सानिध्य में तपस्वी व बाल मुनि मीत प्रभ सागर के सांसारिक परिजनों का अभिनंदन किया गया।

गणिवर्य श्री ने कहा कि भूख से कम खाने बीमारियां कम होगी, नम जाने यानि झुक जाने से आदर मिलेगा तथा गम खाने से राग-द्वेष, झगड़ा व तनाव कम होगा। हमेशा देव, गुरू व धर्म तथा अपने से बड़ों तथा माता पिता के सामने झुकना चाहिए तथा उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। परमात्म, गुरू व माता- पिता के सामने झुकने वाले की आयु, बल व शक्ति में वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि संसार में मनुष्य जीवन,परमात्मा की वाणी, आत्म व परमात्म पर विश्वास, अंतर में परमात्मा के प्रति श्रद्धा दुर्लभता से मिलती है। पुण्य से मिले मानव शरीर का उपयोग परमात्म वाणी को सुनकर उनके अनुसार जीवन बनाने के लिए पुरूषार्थ करें। परमात्म व जिनवाणी हमें बताती है कि पाप के बंध होने वाले कार्य नहीं करें। पाप के बंध से दुख तथा पुण्य के संचय से सुख मिलता है। शुभ विचार, कार्य व व्यवहार से शुभ तथा अशुभ से अशुभ होता है। पुण्य व शुभ बिना किसी को सफलता नहीं मिलती। पुण्यशाली व शुभ चिंतन, मनन व कार्य करने वाले को सफलता मिले बिना नहीं रह सकती। उसका बैंक की तरह पुण्य का बैलेंस बढ़ता रहता है। वहीं पाप कर्म से पुण्य का शेष कम होता रहता है।

गणिवर्य, मुनि व साध्वीवृंद के सानिध्य में बुधवार को ढढ्ढा कोटड़ी में बीकानेर में चातुर्मास कर रहे बाल मुनि मीत प्रभ सागर के दादा फलौदी मूल के वेलूर चेन्नई निवासी प्रसन्न चंद गुलेछा, पिता सुनील, माता अनुराधा, चाचा नरेन्द्र व छोटे भाई नैतिक व हीरा गुलेच्छा का अभिनंदन श्री संघ की ओर से हीरालाल गोलछा, शांति लाल कोठारी, प्रकाश पारख, इंजीनियर अशोक पारख व कृष्ण लूणिया, खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के उपाध्यक्ष कमल सेठिया ने किया। वहीं झझू मूल की गंगाशहर निवासी आठ दिन की तपस्वी रेखा सेठिया पत्नी राहुल का अभिनंदन संगीता कोठारी ने किया।

## धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। यूआईटी के पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश कांडा ने जमीन सौदे में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों के खिलाफ जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है।

परिवादी ने बताया कि जगदीश, रणजीत व लालचंद निवासी 12 एलएनपी ने जमीन के सौदे के नाम पर 1 करोड़ 65 लाख रूपये की धोखाधड़ी की। कांडा ने बताया कि उन्हें व्यावसायिक कार्य के लिए जमीन की आवश्यकता थी। आरोपियों ने उनसे संपर्क कर चक 12 एलएनपी स्थित कृषि भूमि बेचने की पेशकश की। आरोपियों ने यह भरोसा दिलाया कि जमीन सरकारी या गैर सरकारी अवरोध से मुक्त है। कांडा ने बताया कि उन्होंने अग्रिम भुगतान के रूप में 1.65 करोड़ रूपए दे दिए। बाद में पता चला कि उक्त भूमि पर पहले से ही विद्युत विभाग की ओर से जीएसएस और 132 केवी लाइन स्थापित करने की अधिसूचना जारी थी।

# 11केवी लाइन की चपेट में आने से दो की मौत

- श्रीडूंगरगढ़ में एक निर्माणाधीन मकान पर पट्टियां चढ़ाते वक्त 11केवी लाइन की चपेट में आये दो युवक
- मशीन का एक हिस्सा 11 केवी बिजली लाइन से टकरा गया

**बीकानेर,**(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ में 11 केवी लाइन की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह बाना गांव के पास हुआ है। दोनों युवक मजदूरी करते हैं और निर्माणाधीन मकान पर पट्टियां चढ़ाने का काम कर रहे थे।

श्रीडूंगरगढ़ सीओ निकेत पारीक ने बताया कि 40 वर्षीय जगदीश पुत्र रामेश्वर नैण निवासी बाना और 40 वर्षीय आमीन पुत्र यासीन बहलीम निवासी बिग्गाबास यहां पर एक निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहे थे। मशीन के सहयोग से पट्टियां छत पर ली जानी थी। इसी दौरान मशीन का एक हिस्सा 11 केवी बिजली लाइन से टकरा गया। इससे दोनों के शरीर में करंट दौड़ गया। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के मजदूर और स्थानीय लोग दोनों को लेकर श्रीडूंगरगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ श्रीडूंगरगढ़ निकेत पारीक भी अस्पताल पहुंचे। जहां दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। मृतकों के परिजनों को सूचना कर दी गई है। मृतकों में एक श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा बास का ही रहने वाला है।

# खेतों से ट्रांसफॉर्मर हटाने का विरोध

- तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा , बिना नोटिस कार्रवाई पर रोष जताया

**नोखा,** (कासं)। जसरासर क्षेत्र में बिजली विभाग की कार्रवाई से किसानों में रोष है। नोखा प्रधान रामप्यारी देवी तर्ड ने सहायक अभियंता बिजली विभाग जसरासर और तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

आत्माराम तर्ड और डॉ.बेगाराम बाना ने बताया कि जसरासर क्षेत्र में किसानों की फसल पकने की स्थिति में है। इस समय बिजली विभाग के कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के खेतों से ट्रांसफॉर्मर उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर विभाग को ट्रांसफॉर्मर उतारने थे, तो फसल की बुवाई की अनुमति क्यों दी गई। किसानों ने बताया कि उन्होंने बीज, ट्रैक्टर, दवाई और निराई-गुड़ाई पर काफी खर्च कर दिया है। दो महीने में फसल तैयार होने वाली है, जिसके बाद वे बकाया बिल का भुगतान करने को तैयार हैं। लेकिन विभाग की इस कार्रवाई से उनकी तैयार फसल बर्बाद होने का खतरा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि जसरासर बिजली विभाग को किसानों को बिल भुगतान के लिए तीन महीने का समय देने का आदेश दिया जाए। किसानों का कहना है कि बिना नोटिस ट्रांसफॉर्मर हटाना उनके साथ अन्याय है।

## गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन मांगे

**बीकानेर,** (कासं)। विद्या संबल योजना के तहत श्री गंगा शार्दुल राजकीय आचार्य संस्कृत कॉलेज में सत्र 2025-26 में सहायक आचार्य के 3 रिक्त पदों पर गैस्ट फैकल्टी के रूप में लगाने हेतु पात्र सेवानिवृत एवं निजी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि यह नियुक्ति पूर्णत: अस्थायी तौर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन पद पर वर्ष 2025-26 में पाठ्यक्रम पूर्ण होने अथवा 30 अप्रैल 2026 अथवा नियमित प्रक्रिया से पद भरे जाने तक (जो भी पहले हो) के लिए पूर्णत: अस्थायी तौर पर लगाया जाना है। उन्होंने बताया कि उक्त पदों हेतु योग्यताएं, शर्तें, मानदेय, आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# घग्घर नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाने की आमजन से अपील

- बरसात के कारण घग्घर नाली क्षेत्र में हरियाणा के रास्ते गुल्लाचिका से खनोरी-चांदपुर-ओटू से होते हुए राजस्थान में भारी मात्रा में पानी आने की संभावना है

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला प्रशासन की ओर से अत्यधिक बरसात के कारण घग्घर नाली क्षेत्र में हरियाणा के रास्ते गुल्लाचिका से खनोरी-चांदपुर-ओटू से होते हुए राजस्थान में भारी मात्रा में पानी आने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नाली बहाव क्षेत्र या इसके आस-पास के इलाकों या ढाणियों में निवास करने वाले किसानों एवं आमजन के लिए अपील जारी की गई है।

जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने जारी अपील में बताया है कि आम नागरिक नदी नालों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से नहीं जाए। तेज बहाव में वाहन न उतारें तथा आपात स्थिति में टॉर्च, रेन कोट व छाते का प्रयोग करें। पानी निकलने वाले सड़क मार्गों की तरफ से नहीं गुजरें तथा पानी निकल जाने के बाद ही मार्ग से होकर जाए। आपदा की स्थिति में खाद्य सामग्री, जरूरी दवाईयों एवं नगदी की व्यवस्था अपने पास रखें। तेज बहाव के समय बिजली के तारों के टूटने एवं खंभों के गिरने की संभावना है। अत: सावधानी रखें। बिजली के खम्भों के नीचे व पास दुपहिया व चौपहिया वाहन खड़ा न करें। तेज बहाव दौरान पेड़ों के नीचे व कच्ची दीवार के पास खड़े न हो। पशुओं को खुले बाड़े में रखे तथा खूंटे से नहीं बांधे। बड़े होर्डिंग्स लगे स्थानों से दूर रहें तथा विद्युत खम्भों, तारों व ट्रांसफार्मर आदि से पर्याप्त दूरी बनाये रखें एवं नजदीकी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। नाली बहाव क्षेत्र के आस पास पशुओं को बचाने हेतु सुरक्षित स्थान पर बांधे। पशु चराने वाले चरवाहे नाली क्षेत्र के आसपास पशुओं को चराने न लेकर जायें।

# एन.आर.सी.सी. में एथिक्स समिति द्वारा पशु कल्याण मुद्दों पर की चर्चा

- बैठक से पूर्व समिति ने केन्द्र में स्थित पशु आवासों का गहन निरीक्षण किया




राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर में आयोजित पशु आचार समिति की बैठक को डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर में आज संस्थान पशु आचार समिति (आई.ए.ई.सी.) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व समिति ने केन्द्र में स्थित पशु आवासों का गहन निरीक्षण किया।

बैठक के अवसर पर केन्द्र निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने गठित समिति के सतत सक्रिय योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पशु कल्याण, हमारे संस्थान के समस्त अनुसंधान कार्यों का मूलाधार है। उष्ट्र केवल शोध का विषय नहीं बल्कि हमारे प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर हैं। अत: ऊंटों के कल्याण और संरक्षण के साथ-साथ वैज्ञानिक प्रयोगों में भी नैतिक मानकों का अनुपालन, इस संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस बैठक में मुख्य नामित सदस्य डॉ. अशोक डांगी, राजुवास ने समिति के विचार-विमर्श को सारगर्भित दिशा देते हुए पशु नैतिकता और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर बल दिया।

प्रो. अनिल भानुदास गायकवाड, बीट्स, पिलानी ने समिति के मुख्य लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रयोगों में पशुओं के उचित पालन-पोषण और सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश रंजन ने कहा कि एनआरसीसी में अनुसंधान और नैतिकता का समन्वय सुनिश्चित करना इस समिति की साझा प्रतिबद्धता है तथा इस दिशा में यह, निरंतर मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। बैठक में सामाजिक-जागरूक सदस्य के रूप में योगेश कुमार अपूर्वा, लिंक नॉमिनी के रूप में जोधपुर के प्रो. अशोक पुरोहित ने भी पशु कल्याण संबंधी विचार साझा किए। डॉ. श्यामसुंदर चौधरी, समिति सचिव ने बताया कि बैठक में पशुओं से संबंधित नए अनुसंधान प्रस्तावों की समीक्षा की गई।

## निजी अस्पताल में तोड़फोड़

**बीकानेर,** (कासं)। शार्दुलगंज स्थित हार्ट केयर सेंटर में घुसकर डॉक्टर को धमकाने, तोड़फोड़ और 10 लाख रूपए मांगने का आरोप लगाते हुए सदर पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

शार्दुलगंज आयुष्मान हार्ट केयर सेंटर के टीकमचंद स्वामी की ओर से पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि रामनिवास कूकणा, कृष्ण गोदारा और हरिराम गोदारा अस्पताल में घुसे और डॉ. बाबूलाल स्वामी के चैम्बर में पहुंचकर उनसे दुर्व्यवहार किया। तोड़फोड़ की और डॉ. स्वामी और कार्मिकों को मारने की धमकी दी।

आरोपियों ने सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी फैलाकर बदनाम करने के लिए कहा और 10 लाख रूपए मांगे। बीच बचाव करने आये लोगों से धक्का मुक्की की। मरीजों को फाइलों को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं सहित चिकित्सा परिचर्या सेवाकर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था अधिनियम, 08 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बीकानेर,** (कासं)। आकाशवाणी के 90 वें वर्ष के अवसर पर आकाशवाणी बीकानेर एवं महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम 'युवा तरंग : आकाशवाणी के संग' के अंतर्गत आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया।

युवाओं के बीच पहुंचने की आकाशवाणी की इस पहल ने बहुत सारे युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राजाराम चोयल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में विचार व्यक्त करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने एवं दबाव में भी अपनी बात रखने की क्षमता विकसित होती है। आकाशवाणी बीकानेर प्रमुख मीनाक्षी मलिक ने युवाओं के मंच पर आने के साहस की सराहना की।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/4342 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 03-09-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीवाकर चुघ पुत्र श्री अतुल चुघ निवासी 509 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 54 किला नं. 04 में माप 30 इन्टू 50, भूखण्ड संख्या एसआई-12, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा संख्या 5007 दिनांक 07.09.2007 को सिद्धि-सिद्धि होम डवलपर्स प्रा लि. जरिये डायरेक्टर सुरेश शाह के नाम से पट्टा जारी है। वर्तमान में भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्री दीवाकर चुघ द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 15 इन्टू 50 फीट जरिये दस्तावेज बैयनामा दिनांक 05.11.2024 के द्वारा प्राप्त कर उपविभाजन उपरांत उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध श्री दीवाकर चुघ पुत्र श्री अतुल चुघ निवासी 509 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/524 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# घग्घर नदी में संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर



हनुमानगढ़ कलेक्टर डॉ खुशाल यादव व पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने घग्घर नदी में संभावित बाढ क्षेत्र का निरीक्षण किया।

■ जिला कलेक्टर व एसपी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, तटबंधों को मजबूत करने के निर्देश दिए

**हनुमानगढ़,** (कासं)। घग्घर नदी में बढ़ती पानी की आवक को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। टिब्बी के समीप घग्घर नदी का जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव और पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बुधवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरडी 24, जीरो आरडी तथा इंदिरा गांधी नहर की आरडी 629 पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. यादव ने कमजोर तटबंधों को तुरंत मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा कि घग्घर के क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण लगातार पानी की आवक बढ़ रही है। बुधवार शाम तक इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आवश्यकता हुई तो इंदिरा गांधी नहर को पीछे से बंद करवाया जायेगा और घग्घर का अतिरिक्त पानी इंदिरा गांधी नहर में डायवर्ट किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि संभावित आपदा से निपटने के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि घग्घर नदी में पानी बढ़ने की आशंका को देखते हुए एसडीआरएफ की टीमों की संख्या बढ़ा दी गई है। उन्हें सिविल डिफेंस के साथ जोड़कर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं। गोगामेड़ी मेले में तैनात पुलिस जाब्ते को अब घग्घर क्षेत्र में लगाया जायेगा। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी तरह की घबराहट में न आएं और प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें।

जल संसाधन विभाग के एसई संजीव वर्मा ने बताया कि घग्घर में पानी की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन स्थिति अभी नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की तुलना में इस बार पानी की स्थिति काफी कम है। विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. यादव ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने में सहयोग का आव्हान किया।

जनप्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि किसी भी परिस्थिति में वे प्रशासन का साथ देंगे और मिलकर हर जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। इस मौके पर एसडीएम सत्यनारायण सुथार, तहसीलदार हरीश कुमार टाक, टिब्बी थानाधिकारी हंसराज लूणा, तलवाड़ा झील थानाधिकारी रजनदीप कौर, नायब तहसीलदार सूर्यदेव स्वामी, बीडीओ श्यामसुंदर मूंड सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**राहत सामग्री भेजी :** पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए श्रीगंगानगर जिले के खाटलबाना गांव सहित आसपास के ग्रामीणों ने बड़ा सहयोग अभियान शुरू किया है। समाजसेवी संस्थाएं हेल्प इंडिया फाउंडेशन राजस्थान और द क्लब ऑफ यूथ स्पिरिट के नेतृत्व में लगातार राहत सामग्री एकत्रित की जा रही है और ट्रकों के जरिए प्रभावित क्षेत्रों तक भेजी जा रही है।

संस्थाओं और ग्रामीणों की पहल पर अब तक हरा चारा, तूड़ी, पीने का पानी, राशन सामग्री, कपड़े व अन्य आवश्यक सामान पंजाब रवाना किया गया है। इस राहत अभियान में खाटलबाना गांव के युवाओं के साथ-साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया। इस आपदा में लोग सहयोग कर रहे हैं।

## डॉ. हिमांशु भाटिया को हिन्दी सेवा पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की ओर से हिन्दी भाषा में उत्कृष्ट लेखकों को पुरस्कृत करने की योजना के तहत 'हिन्दी सेवा पुरस्कार, 2025' के तहत बीकानेर की डॉ. हिमांशु भाटिया को दिये जाने की घोषणा की गई है।

भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, जयपुर के निदेशक एवं पदेन शासन उप सचिव डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित चयन समिति द्वारा डॉ. हिमांशु भाटिया की चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य (भारतीय चिकित्सा पद्धति सहित) पर लिखित पुस्तक 'सेरेबल पाल्सी : चिकित्सकीय पक्ष एवं दिव्यांग व्यथा, कथा और कानून' के लिये पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। इस पुरस्कार के साथ 50 हजार रूपए की राशि प्रदान की जायेगी। डॉ. हिमांशु भाटिया वर्तमान में जिला कलेक्टर कार्यालय बीकानेर में उपविधि परामर्शी पद पर कार्यरत हैं।

डॉ. हिमांशु भाटिया को इस पुस्तक पर पुरस्कार की घोषणा होने पर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुस्तक सेरेबल पाल्सी से पीड़ित बच्चों की चिकित्सकीय, अभिभावकीय और भावनात्मक देखभाल के लिये व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करने वाली एक उत्कृष्ट पुस्तक है। अति. जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने डॉ. भाटिया को बधाई दी।

## सार-समाचार

### रामलीला के बैनर का विमोचन





लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में रामलीला के बैनर का विमोचन विधायक जेठानंद व्यास ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। नगर सेठ लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर के राम लीला मैदान में 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक रात आठ बजे से रामलीला का तथा 23 सितम्बर से महिला गरबा का आयोजन होगा। श्री राम कला मंदिर संस्थान की ओर से रोटरी क्लब बीकानेर (रॉयल्स) के सौजन्य से आयोजित रामलीला के भूमि पूजन, शुद्धिकरण व बैनर का विमोचन बुधवार को भगवान श्रीराम, की पूजा, आरती व जयश्री राम के उद्घोष से विधायक जेठानंद व्यास, राष्ट्रीय स्वयं संघ के विभाग संचालक टेकचंद बरड़िया, भाजपा नेता सत्यप्रकाश आचार्य, मोहन सुराणा, किशन चौधरी व हिन्दू जागरण मंच के संयोजक कैलाश भार्गव, रमेश शाद तथा संस्थान के पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राम लीला, राम चरित मानस, हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ को हर मोहल्ले में नवरात्रा, राम नवमी आदि विशिष्ट दिनों व अवसरों तथा घर पर निरन्तर करना चाहिए। इलेक्ट्रोनिक, सोशल मीडिया व मोबाइल के इस युग में रामलीला जैसे अनादिकाल से चल रही नाट्य परम्पराओं को बाल व युवा पीढ़ी को जोड़ने से भारतीय संस्कृति के परम्परिक मूल्य कायम रहेंगे। श्री राम कला संस्थान के अध्यक्ष गिरि राज जोशी, सचिव अभिरामदत गौड व संरक्षक गोपाल अग्रवाल ने विधायक जेठानंद सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान सचिव गिरि राज जोशी ने बताया कि राम लीला में श्री गणेश व सरस्वती वंदना, नारद मोह, श्रवण कुमार प्रसंग, राम, सीता जन्म, ताड़का वध, लक्ष्मण परशुराम संवाद, सीता स्वयंवर, दशरथ-कैकयी संवाद, राम बनवास, राम भरत मिलाप, बाली-सुग्रीव युद्ध, हनुमान प्रगट, लक्ष्मण शक्ति, रावण हनुमान संवाद, कुंभ करण, रावण वध, भगवान श्रीराम का राज तिलक आदि के प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुतियां दी जायेगी।

### भाजपा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

**चूरू।** पिछले दिनों बिहार में हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी व तेजस्वी यादव की सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के प्रति बोले गए अपशब्दों के विरोध में बुधवार को धर्म स्तूप के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां का सर्वोच्च स्थान है हम मां को ईश्वर के समान मानते हैं। उन्होंने कहा एक जिम्मेदार पद पर रहने वाले राहुल गांधी की सभा में गाली निकालने की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस विषय पर कहा कि राहुल गांधी को और तेजस्वी यादव को इस बात के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार है, उन पर कडी से कडी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काछवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, हरीश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल, कपिल रक्षक, कमल सैनी, मंडल महामंत्री श्रीराम पीपलवा, प्रकाश नायक, कपिल चंदेल, पवन चांवरिया, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मदन गोपाल बालान, जिला प्रवक्ता महेश मिश्रा, विजय शर्मा, जय प्रकाश प्रजापत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रजत शर्मा, अजय तंवर, सुभाष कुमार, पार्षद राकेश दाधीच, आकाश सैनी, सुभाष महर्षि, किशन किरोड़ीवाल, मोहन लाल गढ़वाल, मूलचंद फरियाद, दाऊद थीम, देवराज पुरोहित, राकेश ओझा, कैलाश शर्मा, प्रकाश नायक, रवि दाधीच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**नोहर** (निसं.)। यहां बरसाती जल निकासी का स्थाई समाधान ना होने और शहर में जलभराव से हो रहे नुकसान को लेकर आज वार्ड 26 के लोगों ने उपखंड अधिकारी आई .ए. एस. राहुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शहर के जागरूक नागरिक महेश कौशिक ने बताया कि नगरपालिका प्रशासन की ओर से हर वर्ष मानसून को लेकर जल निकासी के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं लेकिन स्थाई समाधान फिर भी नहीं हो पा रहा है और वर्षा के बाद पम्पसेट मोटर लगाकर बरसाती पानी से हुए जलभराव के समाधान के नाम पर फिर से लाखों रुपए का डीजल फूंक दिया जाता है। उपस्थित लोगों ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे करवाकर मुआवजा देने, महावीर पार्क की दशा सुधारने, जोहड़ से प्राचीन कुओं के भूगर्भ तक पाईप लाईन डलवानें, सड़कों को पुनः दुरुस्त करवाने, शहरी गौरवपथ पुननिर्माण करवाने, पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, सार्वजनिक शौचालय की धंस चुकी कुइयों की मरम्मत करवाकर आमजन को राहत पहुंचाएं। नगरपालिका प्रशासन कस्बे के प्राचिन कुओं के भूगर्भ में दूषित पानी समाधान के नाम षर डालाता आ रहा है।

### रक्तदान शिविर कल

**झुंझुनूं।** ऋचा स्मृति फाउंडेशन द्वारा स्व. ऋचा चौधरी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार पांच सितंबर को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय हेतमसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह नौ बजे से प्रारंभ होगा। ऋचा चौधरी के ससुर शिशुपाल सिंह पुत्र स्व. सुरजाराम मील गाड़जी का बास हेतमसर ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# दस साल तक के बच्चों में फैल रहा लाल दाने वाला वायरस रोग

■ जिला अस्पताल में इससे संक्रमित बच्चे 5 से 7 की संख्या में रोजाना आ रहे हैं

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। इन दिनों बच्चों के शरीर पर लाल रंग के दाने बनने जैसी बीमारी तेजी से फैल रही है। यह मुंह के अंदरूनी भाग, हाथों और पैरों को सबसे अधिक प्रभावित करती है। जिला अस्पताल में इससे संक्रमित बच्चे 5 से 7 की संख्या में रोजाना आ रहे हैं।

लगभग यही स्थिति जिले के अन्य पीडियाट्रिक्स डॉक्टरों के यहां ओपीडी की है। यानि अगस्त माह में ही जिला मुख्यालय पर इससे संक्रमित 1300 से अधिक बच्चे सामने आ चुके हैं। चिकित्सकीय भाषा में इसे हैंड-फुट-माउथ डिजीज के नाम से जाना जाता है। यह एक वायरल रोग है जो 6 माह से 10 साल तक की उम्र के बच्चों को तेजी से चपेट में ले रहा है। इस कारण रोजाना ओपीडी में ऐसे संक्रमित बच्चे इलाज के लिए लाए जा रहे हैं।

जिला अस्पताल के पीडियाट्रिक्स बताते हैं कि यह संक्रमण 5 से 7 दिन तक रहता है। इसमें बच्चे के मुंह के अंदर, हाथों और पैरों के तलवों में लाल रंग के छोटे-छोटे दाने बनने लगते हैं जो फुंसी की तरह दिखाई देते हैं। यह बीमारी बरसाती मौसम के दौरान सबसे अधिक तेज गति से फैलती है। इस कारण वर्तमान में मौसम में नमी अधिक होने के कारण यह रोग तेजी से फैल रहा है। जिला अस्पताल में इसका उपचार बिल्कुल फ्री में हो रहा है। सभी तरह की दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। लगभग एक सप्ताह में बच्चा ठीक हो जाता है। चिकनपॉक्स की तरह दिखता है लेकिन है नहीं। कोरोना जैसी सावधानी रखें क्योंकि बच्चे से बच्चे में फैलता भी है।

डॉ. संजय राठी पीडियाट्रिक्स डॉ. सुनील अग्रवाल पीडियाट्रिक्स हैंड-फुट-माउथ डिजीज एक वायरस जनित रोग है। यह मौसम में नमी की अधिकता के दौरान सबसे तेज गति से फैलता है। इसमें 6 माह से 10 साल तक के बच्चे सबसे अधिक संक्रमित होते हैं। क्योंकि इनकी त्वचा बहुत कोमल होती है। इस कारण हवा में मौजूद वायरल बच्चों की स्किन पर असर दिखाता है। इसमें मुंह के अंदर छालों की तरह लाल दाने बहुत अधिक हो जाते हैं।

इस कारण बच्चा कुछ खा नहीं पाता। देखने में बच्चा बहुत भयावह लगता है लेकिन घबराने की जरूरत नहीं होती। यह ज्यादा गंभीर वायरस नहीं है। इसके संक्रमित को भर्ती करने की भी जरूरत नहीं होती। बच्चे को कोमल वस्तुएं खाने में दी जा सकती हैं। यह एक से दूसरे बच्चे में फैलता है। इसलिए संक्रमित बच्चे को एकांत में रखें तो ज्यादा अच्छा है। यह वायरल एक से दो साल बाद ज्यादा तेजी से फैलता है। बच्चे के परिजन घबराएं नहीं क्योंकि यह 5 से 7 दिन में अपने आप ही ठीक होने लगता है।

बच्चे के संक्रमित होने पर उसे एकांत में रखने की कोशिश करें। दूसरे बच्चों के संपर्क में आते ही उनको भी संक्रमित कर देगा। मुंह के अंदर लाल दाने बहुत अधिक होने से बच्चा कुछ भी खा नहीं सकता।

## अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**अनूपगढ़,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल बीकानेर के अपर मंडल प्रबंधक रूपेश कुमार ने बुधवार को अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

अनूपगढ़ विकास समिति के प्रवक्ता ओम चुघ और डीआरयूसीसी रेलवे कमेटी के सदस्य बलविंदर सिंह ने योजना की धीमी गति का मुद्दा उठाया। प्रबंधक ने अधिकारियों को निम्रण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। रेल विकास समिति के पदाधिकारियों ने कई समस्याएं उठाई। शैड में बिजली का काम अधूरा था। फर्श पर लगे पत्थरों की घिसाई नहीं हुई थी। अपर मंडल प्रबंधक ने इन कार्यों को तुरंत पूरा करने के आदेश भी दिए।

उन्होंने नए शैड में यात्रियों के लिए बैंच लगाने के भी निर्देश दिए। यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्रबंधक ने पेयजल व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनूपगढ़ स्टेशन पर पुराने वाटर कूलर और चिलर को देशनोक स्टेशन की तरह अपग्रेड किया जाए।

# 'छात्रों को उद्योग जगत और स्टार्टअप्स से जोड़ें'

■ ईसीबी में 'इनोवेशन विद अनमैन्ड व्हीकल्स एंड ड्रोन' कार्यशाला का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर (ईसीबी) में आज 'इनोवेशन विद अनमैन्ड व्हीकल्स एंड ड्रोन' विषय पर एक साप्ताहिक कार्यशाला का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि डॉ. ओ.पी. जाखड़, प्राचार्य, ईसीबी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को नवाचार एवं शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। डॉ. अमित सोनी, रजिस्ट्रार, ईसीबी ने विद्यार्थियों को तकनीक के व्यावहारिक प्रयोगों को समझने और अनुसंधान के नए अवसर खोजने हेतु प्रोत्साहित किया।

डॉ. राहुल राज चौधरी, अध्यक्ष, आईआईसी सेल ने कहा कि भविष्य की तकनीकों में अनमैन्ड व्हीकल्स और ड्रोन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर कार्यशाला समन्वयक श्यामसुंदर सुथार (सहायक आचार्य, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग), पूजा भारद्वाज (विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्टमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग), डॉ. अतुल गोस्वामी एवं डॉ. मनीष कुरी (विभागाध्यक्ष, कृत्रिम बुद्धिमता एवं डाटा साइंस विभाग) भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में ईसीबी के पूर्व छात्र नरेश ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को नवाचार और स्टार्टअप्स की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। डॉ. हरजीत सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष (ईआईसी विभाग) ने छात्रों को तकनीकी अनुसंधान की नई दिशाओं से परिचित कराया। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को अनमैन्ड व्हीकल्स एवं ड्रोन की डिजाइन, कंट्रोल सिस्टम, नेविगेशन एल्गोरिद्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उन्नत तकनीकों की जानकारी मिलेगी।

# गाड़ी बेचने के नाम 3.52 लाख ठगने का आरोप

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। हरियाणा निवासी तीन लोगों के खिलाफ बोलेरो बेचने के बहाने 3.52 लाख रूपए की ठगी का केस सदर थाने में दर्ज हुआ है।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर सतपाल निवासी बनमन धोरी, फतेहाबाद, मुरलीप्रसाद निवासी भट्टू व धीरज निवासी फतेहाबाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है। परिवादी शायर निवासी केसरीसिंहपुर ने बताया कि वह कार ड्राइविंग का काम करता है। उसे टैक्सी के तौर पर चलाने के लिए बोलेरो गाड़ी की जरूरत थी। इसके लिए उसने ऐलनाबाद निवासी अपने एक परिचित से संपर्क किया। परिचित ने उसकी जानकारी सतपाल व अन्य दो लोगों से करवाई। परिवादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे वीके सिटी में एक बोलेरो गाड़ी दिखाई। गाड़ी पसंद आने पर सौदा 4.37 लाख रुपए में तय हुआ। परिवादी शायर ने बताया कि उसने एक लाख रूपए साई पेटे दे दिए। इसके बाद किस्तों में और राशि भी दी। कुल 3.52 लाख रूपए देने के बाद आरोपियों से गाड़ी की आरसी नाम करवाने की बात कही तो उन्होंने झांसा देना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस को रिपोर्ट दी। मामले की जांच कर रहे एएसआई सतवीर सिंह कर रहे हैं।

## संकेतांकों की प्रगति भेंजे

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास कार्यक्रम के तहत संकेतांकों की प्रगति भिजवाने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में जारी आदेश अनुसार ब्लॉक बीकानेर की बेसलाइन डाटा और कार्य योजना तैयार कर आयोजना विभाग को भेजी गई है। राज्य सरकार द्वारा अनटाइड फंड में देय राशि का एक्शन प्लान तैयार कर उपखंड अधिकारी द्वारा अति शीघ्र भिजवाया जाना है। सभी विभागों को विभागीय संकेतांकों की मासिक, प्रगति उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्य योजना अधिकारी को भिजवाने के निर्देश दिए।

# पीएम कुसुम योजना के तहत लगे पांच सौ सौलर पम्प

■ सोलर पम्प पर किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है

**बीकानेर,** (कासं)। सौर ऊर्जा से खेतों में सिंचाई करने के प्रति किसानों का रूझान बढ़ा है। बीकानेर जिला सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना में सदैव अग्रणी रहा है।

इसी कारण से जिले के 12 हजार 800 किसानों द्वारा अपने खेतों में सौर ऊर्जा पंप स्थापित कर, फसलों में सिंचाई का लाभ ले रहे हैं। सरकार की तरफ से किसानों की सिंचाई को डीजल और बिजली से मुक्त करने के लिए पीएम कुसुम योजना (कंपोनेंट-बी) के तहत सौर ऊर्जा पंप स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में अब तक 500 पंप संयंत्र लगाए गए हैं। वर्ष 2025-26 तक 3 हजार 500 पंप स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है।

उद्यान विभाग द्वारा किसानों के आवेदन का निस्तारण त्वरित किया जा रहा है। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि वर्तमान में कोई भी आवेदन लंबित नहीं है। योजना में किसानों को तीन, पांच, साढ़े सात एचपी क्षमता तक के स्टैंड-अलोन सौर ऊर्जा पंप अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजनांतर्गत किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान दिए जा रहा है। वहीं एससी-एसटी वर्ग को अतिरिक्त 45 हजार अनुदान भी दिया जाता है। शेष राशि किसान को स्वयं वहन करनी होती है। उन्होंने बताया कि तीन एचपी पम्प पर किसान का हिस्सा 97 हजार 750 से 1 लाख 1 हजार 124 रुपए तक, 5 एचपी पंप पर 1 लाख 27 हजार 385 तक है।

# 'आज धर्मसंघ में साहित्यकार, प्रवचनकार कालाकार साधु-साध्वियों की लम्बी कतार है'



बीकानेर के तेरापंथ भवन में आचार्य भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के शुभारंभ कार्यक्रम को मुनि कमल कुमार ने संबोधित किया।

■ आचार्य भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य श्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के त्रिदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ भवन में उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार के पावन सानिध्य में हुआ।

मुनिश्री ने अपने विचार प्रकट करते हुए फरमाया कि आज का विषय है तेरापंथ तब से अब यह विषय जन जन के लिए चिन्तनीय मननीय और स्मरणीय है। जब तेरापंथ का शुभारंभ हुआ उस समय स्थान, आहार, पानी, वस्त्र, औषध की उपलब्धि बड़ी ही कठिन थी। प्रथम चातुर्मास और अन्तिम चतुर्मास तक भिक्षु स्वामी को स्थान आहार आदि की उपलब्धि का अभाव सा रहा। इसीलिए प्रथम चतुर्मास में संतों की संख्या भी मात्र पांच ही थी और अंतिम चतुर्मास में सात संत ही थे। अन्य साधु साध्वी अन्यत्र चतुर्मासों के लिए पधारे। उस समय के और आज के पहराव उपकरणों में भी अंतर आ गया है। उस समय चोल पट्टे घुटने से थोड़े नीचे रखते थे। मुख वस्त्रिका भी इस प्रकार की नहीं थी पात्र और रजोहरण में भी परिवर्तन है। उस समय लोगों का आना जाना भी कम या इतने बड़े-बड़े आयोजनों की कोई कल्पनायें भी नहीं कर सकता था। आज हमारे धर्मसंघ में साहित्यकार प्रवचनकार कालाकार साधु-साध्वियों की लम्बी कतार है। उस समय कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि महिला में इस प्रकार से वक्ता, लेखक, गायक, संयोजन आदि में कुशल हो सकती है। आज तेरापंथ धर्म संघ में व्यक्ति व्यक्ति के विकास के लिए अनेक अनेक संगठन बने हैं। बच्चों के लिए ज्ञानशाला किशोरों के लिए किशोर मंडल कन्याओं के लिए कन्या मंडल महिलाओं के लिए महिला मंडल युवकों के लिए युवक परिषद मुमुक्षुओं के लिए पारमार्थिक शिक्षण संस्था तेरापंथ सभाओं के लिए संस्था शिरोमणी महासमा सब संस्थाओं के लिए सर्वोच्च संस्था विकास परिषद इसी प्रकार साधु साध्वियों के लिए अनेक प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। उनके आंतरिक व्यक्तित्व को निखारने के लिए योगक्षेम वर्ष का आयोजन आज तेरापंथ धर्मसंघ पूरे जैन समाज में ही नहीं अनुशासन मर्यादा आदि के लिए विश्व में अपना स्थान बना चुका है। आज धर्म संघ के एकादशम आचार्य श्री महाश्रमण है जिन्होंने अपने दूरदर्शी चिंतन से संघ का विकास किया।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में 15 जिलों के प्रभारी नियुक्त

**झुंझुनूं,** । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत दूसरी सूची जारी कर 15 जिलों में जिला प्रभारी एवं सह-प्रभारी की नियुक्ति की है। जारी सूची के अनुसार अजमेर, झुंझुनूं, सीकर, चूरू, कोटपुतली, जोधपुर, कोटा, हनुमानगढ़, करौली, श्रीगंगानगर, सवाई माधोपुर, जालौर, राजसमंद, डूंगरपुर, बीकानेर एवं बालोतरा में नवनियुक्त प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने सभी नवनियुक्त साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी संगठन सृजन अभियान के तहत जमीनी स्तर पर समर्पित कार्यकर्ताओं का चयन कर संगठन को और अधिक सशक्त व मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के हर वर्ग को जोड़ने की दिशा में ये नियुक्तियां संगठनात्मक मजबूती का नया आयाम सिद्ध होंगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि कांग्रेस पार्टी का अल्पसंख्यक विभाग सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्यरत है। नई नियुक्तियां इसी दिशा में संगठनात्मक मजबूती का नया अध्याय साबित होंगी।

बनाए गए प्रभारी और सह प्रभारियों में झुंझुनूं का प्रभारी सोनू खान कायमखानी को बनाया गया है। जबकि फिरोज खान को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अजमेर शहर और ठाामीण का जफर हुसैन टांक प्रभारी तथा मोहम्मद रईस खान रईस जालुपूरा को सह प्रभारी, सीकर नीम का थाना का मोहम्मद सुलेमान फारूकी को प्रभारी व आमिर खान शेखावाटी को सह प्रभारी, आबिद हुसैन को प्रभारी व हारून रशीद कुरैशी को सह प्रभारी चूरू, अकबर खान अंजान को प्रभारी व जावेद कुरैशी को सह प्रभारी कोटपुतली बहरोड़, मकसूद अहमद अब्बासी को प्रभारी व जावेद खान सिरोहा को सह प्रभारी जोधपुर शहर व ठाामीण, मोहम्मद सिद्दकी गौरी प्रभारी व ऋषि लांबा पंजाबी सह प्रभारी कोटा शहर व ठाामीण, गुरविंद्र सिंह चहल प्रभारी व आशिक हुसैन सुलेमानी को सह प्रभारी हनुमानगढ़, मुकीमुद्दीन खान मुकीम खान को प्रभारी व शकील अहमद को सह प्रभारी करौली, आरिफ मोहम्मद टांक को प्रभारी व गुरबिन्दर सिंह को सह प्रभारी श्रीगंगानगर, अल्लाहनूर मेहर को प्रभारी व आमीन खान को सह प्रभारी जालौर, आरिफ मोहम्मद को प्रभारी व मोहम्मद युनूस रसूलपुरा को सह प्रभारी राजसमंद, शाहरूख खान को प्रभारी व मुस्तफा रजा को सह प्रभारी डूंगरपुर तथा परमप्रीत सिंह को प्रभारी व बाबू हुसैन को सह प्रभारी बीकानेर शहर व ठाामीण बनाया गया है। इसके अलावा मोहम्मद अब्दुल कलाम को बालोतरा का सह प्रभारी बनाया गया है।

